पूर्वोत्तर क्षेत्र में विद्युत इकाइयों की स्थापना

79. **डा० जिनेन्द्र कुमार जैन :**
श्रीमती सुषमा स्वराज :

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बंगला देश से प्राकृतिक गैस का आयात करके देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र में विद्युत उत्पादन इकाइयों की स्थापना करने संबंधी कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

(ख) क्या यह भी सच है कि सरकार ने प्राकृतिक गैस के आयात के संबंध में बंगलादेश सरकार के साथ विचार विमर्श किया है ;

(ग) यदि हां, तो ऐसा विचार विमर्श कब किया गया था; और

(घ) इस संबंध में बंगलादेश सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) जी नहीं ।

(ख) और (ग) प्राकृतिक गैस के आयात पर बंगलादेश की सरकार के साथ कोई प्रत्यक्ष विचार विमर्श नहीं किया गया है ।

(घ) उपर्युक्त (ख) और (ग) की दृष्टि से प्रश्न नहीं उठता ।

तेल और प्राकृतिक गैस आयोग का उत्पादन लक्ष्य

80. **डा० जिनेन्द्र कुमार जैन :**
श्री राम जेठमलानी
सुरेश कलमाडी :

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 17 जून, 1992 के "फाइनेन्सियल एक्सप्रेस" में "ओ एन जी सी प्रोडक्शन टारगेट स्लैशड् बाई 10-परसेन्ट' शीर्षक के अंतर्गत प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है;

(ख) क्या यह भी सच है कि हाल ही में सरकार तथा तेल और प्राकृतिक गैस आयोग के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे जिसके अधीन 1992-93 के लिए देश में कच्चे तेल के उत्पादन का लक्ष्य 25.54 मीट्रिक टन रखा गया है; और

(ग) यदि हां, तो यह लक्ष्य पिछले वर्ष की अपेक्षा कितना कम है और इस वर्ष कच्चे तेल के आयात में कितनी वृद्धि का अनुमान है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) जी, हां ।

(ख) और (ग) हाल ही में तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग के साथ हस्ताक्षरित वर्ष 1992-93 के समझौता ज्ञापन में तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग के लिए 25.54 मिलियन टन के क्रूड उत्पादन का लक्ष्य रखा गया था । यह तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग के पिछले वर्ष के लक्ष्य से 3.45 मिलियन टन कम है । वर्ष 1992-93 में क्रूड का आयात पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 2.7 मिलियन टन अधिक का अनुमान है ।

मध्य प्रदेश में तेलशोधक कारखाने की स्थापना

81. **श्री लक्खीराम अग्रवाल** : क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लि० ने मध्य प्रदेश में तेल शोधक कारखाने की स्थापना के संबंध में व्यावहार्यता रिपोर्ट सरकार को प्रस्तुत कर दी है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार उक्त कारखाने की स्थापना कब तक करने का विचार रखती है;